# प्रेस नोट

## थाना सीपरी बाजार, झांसी

**दिनाँक 16.08.2026**

- **जनपद झाँसी पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम एवं वाँछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही प्रभावी कार्यवाही,**
- **थाना सीपरी बाजार पुलिस व स्वाट/सर्विलांस टीम द्वारा हत्या के प्रयास के अभियोग से संबंधित 04 अभियुक्तगण को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया,**
- **कब्जे से 04 देशी तमंचा 315 बोर, 06 खोखा कारतूस 315 बोर, 03 जिंदा कारतूस 315 बोर, 01 मोटरसाइकिल [टी.वी.एस. स्टार सिटी (बिना नं0 प्लेट)] व 785/- रुपए बरामद,**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ एवं पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी श्री बी.बी.जी.टी.एस. मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 16.08.2026 को थाना सीपरी बाजार पुलिस व स्वाट/सर्विलांस टीम द्वारा मु0अ0सं0- 382 धारा 109(2) बीएनएस से संबंधित वांछित 04 अभियुक्तगण- 1. शिवम कुशवाहा पुत्र कल्लू कुशवाहा उम्र करीब 25 वर्ष निवासी- ग्राम सिरसा, उन्नाव बालाजी थाना दतिया(म0प्र0) 02. सुरेन्द्र कुशवाहा पुत्र कल्लू कुशवाहा ताँगे वाला उम्र करीब 25 वर्ष निवासी- ग्राम सिरसा, उन्नाव बालाजी थाना दतिया(म0प्र0) 3. आकाश कुशवाहा पुत्र स्व0 रतन कुशवाहा उम्र करीब 22 वर्ष निवासी- ग्राम कुमहर्रा जिला निवाड़ी(म0प्र0) 4. प्रदुम्म कुशवाहा पुत्र रामप्रसाद कुशवाहा उम्र करीब 22 वर्ष निवासी- अटल बिहार कॉलोनी गली नं0 2 भाण्डेर रोड, थाना सिविल लाइन जिला दतिया (म0प्र0) को भोजला मण्डी के पीछे, लकारा गाँव जाने वाली पुलिया के पास से पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण द्वारा पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गयी जिसमें प्रभारी निरीक्षक थाना सीपरी बाजार को एक गोली उनकी बी.पी. जैकेट पर लगी है। पुलिस टीम द्वारा जवाबी फायरिंग की गयी जिसमें चारों अभियुक्तगण को पैर में गोली लगने से वे घायल हो गए, जिनको जीवनरक्षार्थ हेतु अस्पताल भिजवाया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 04 देशी तमंचा 315 बोर, 06 खोखा कारतूस 315 बोर, 03 जिंदा कारतूस 315 बोर, 01 मोटरसाइकिल सफेद रंग की [टी.वी.एस. स्टार सिटी (बिना नं0 की )] व 785/- रुपए जामातलाशी बरामद किए गए। पुलिस मुठभेड़/गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सीपरी बाजार में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 13.08.2026 को वादी श्री उमेश गुप्ता पुत्र स्व0 शालिगराम गुप्ता, निवासी कैलाश रेजीडेंसी, थाना कोतवाली, जनपद झाँसी द्वारा थाना सीपरी बाजार पर प्रार्थना-पत्र देते हुए बताया कि उनके भतीजे प्रशान्त गुप्ता, उम्र लगभग 50 वर्ष, पुत्र श्री मदन मोहन गुप्ता, हाल निवासी बी-4, मल्टी स्टोरी कैलाश रेजीडेंसी, जनपद झाँसी, दिनांक 12.08.2026 को विशिष्ट गल्ला मंडी, भोजला से शाम लगभग 06:30 बजे से 07:00 बजे के मध्य स्कूटर संख्या UP 93 CN 4288 से अपने घर लौट रहे थे। बूढ़ा पुल के पास राधिका

ऑर्चिड कॉलोनी एवं सरोज हॉस्पिटल के मध्य कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मोटरसाइकिल से उनका पीछा करते हुए उन्हें रोकने का प्रयास किया गया। जब वह नहीं रुके तो उक्त व्यक्तियों द्वारा पीछे से उन पर गोली चला दी गई, जो उनकी कमर के बाईं ओर लगी। गोली लगने के बावजूद वह घायल अवस्था में स्कूटर चलाते हुए अपनी जान बचाकर सरोज हॉस्पिटल पहुँचे।

प्रकरण के संबंध में वादी से प्राप्त प्रार्थना-पत्र के आधार पर थाना सीपरी बाजार पर **मु0अ0सं0-382 धारा 109(2) बीएनएस** के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

इसी क्रम में आज दिनांक **16.08.2026** को मुखबिर की सूचना पर थाना सीपरी बाजार क्षेत्रान्तर्गत भोजला मण्डी के पीछे, लकारा गाँव जाने वाली पुलिया के पास अभियुक्तगण की घेराबंदी की गई। इस दौरान अभियुक्तगण द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी गई। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में उपरोक्त चारों अभियुक्तगण के पैर में गोली लगने से वे चारों घायल हो गए। जिनको जीवनरक्षार्थ हेतु तत्काल अस्पताल भिजवाया गया है।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण</u> –

01. **शिवम कुशवाहा पुत्र कल्लू कुशवाहा उम्र करीब 25 वर्ष निवासी- ग्राम सिरसा, उन्नाव बालाजी थाना दतिया(म0प्र0)**
02. **सुरेन्द्र कुशवाहा पुत्र कल्लू कुशवाहा ताँगे वाला उम्र करीब 25 वर्ष निवासी- ग्राम सिरसा, उन्नाव बालाजी थाना दतिया(म0प्र0)**
03. **आकाश कुशवाहा पुत्र स्व0 रतन कुशवाहा उम्र करीब 22 वर्ष निवासी- ग्राम कुमहर्रा जिला निवाड़ी(म0प्र0)**
04. **प्रदुम्म कुशवाहा पुत्र रामप्रसाद कुशवाहा उम्र करीब 22 वर्ष निवासी- अटल बिहार कॉलोनी गली नं0 2 भाण्डेर रोड, थाना सिविल लाइन जिला दतिया (म0प्र0)**

<u>बरामदगी का विवरण</u> –

1. **04 देशी तमंचा 315 बोर,**
2. **06 खोखा कारतूस 315 बोर,**
3. **03 जिन्दा कारतूस 315 बोर,**
4. **01 मोटरसाइकिल टी.वी.एस. स्टार सिटी सफेद रंग की (बिना नं0 की)**
5. **785 रु/- नकद जामतलाशी बरामद**

<u>गिरफ्तारी करने वाली टीम</u> –

- प्रभारी निरीक्षक थाना सीपरी बाजार मय पुलिस टीम
- प्रभारी निरीक्षक स्वाट/सर्विलांस मय टीम